मौसम की मार, अस्पतालों में बढ़ी बीमारों की कतार

उल्टी-दस्त और वायरल ने बच्चों को किया बेहाल,जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर में मरीजों की भीड़

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। जिले में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर छोटे बच्चे उल्टी, दस्त, बुखार और वायरल संक्रमण जैसी समस्याओं से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल के शिशु वार्ड में रोजाना बड़ी संख्या में बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, जबकि ओपीडी में भी मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी उमस और दूषित खानपान के कारण मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज गौतम ने बताया कि इन दिनों बच्चों में वायरल फीवर, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। कई बच्चों की हालत ऐसी हो जाती है कि उन्हें तत्काल भर्ती कर सलाइन चढ़ानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बाहर का खुला भोजन, बासी खाना और दूषित पानी बीमारी की बड़ी वजह बन रहे हैं।

डॉ. गौतम ने अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि बच्चों को केवल उबला या स्वच्छ पानी ही पिलाएं। घर का ताजा भोजन दें और बाजार में बिकने वाले कटे फल, चाट-पकौड़ी तथा खुले खाद्य पदार्थों से दूरी बनाकर रखें। छोटे बच्चों को धूप में अधिक देर तक न रखें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे को लगातार उल्टी-दस्त, तेज बुखार, सुस्ती या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पिछले कुछ दिनों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक मरीजों की भीड़ बनी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से सतर्क रहने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल पहुंचने की अपील की है। चिकित्सकों का कहना है कि समय पर उपचार और सावधानी से अधिकांश मौसमी बीमारियों से आसानी से बचाव किया जा सकता है।

एक सप्ताह तक प्रचण्ड गर्मी पड़ने के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री से ऊपर जाने का अनुमान है। हालांकि आज सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री एवं न्यूनतम 28 डिग्री रहा है। इधर 10 बजे दिन के बाद लू का भी असर रहा है। मौसम विभाग ने भी हीटवे असर होने का संभावना जताया है। वहीं अस्पतालों में लू के प्रकोप से बच्चे बीमार होकर पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा लू का असर बच्चों पर पड़ रहा है। आलम यह है कि सरकारी से प्राईवेट अस्पतालों में बच्चे सर्वाधिक इलाज करा रहे हैं।

लापरवाही बीमारी को गंभीर बन सकती है

वहीं जिला चिकित्सालय के शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. बालेंद्र शाह ने बताया कि मौसम के इस दौर में संक्रमण तेजी से फैलता है। कई मरीज पेट संबंधी गंभीर समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी बीमारी को गंभीर बना सकती है। लोग अक्सर शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और घरेलू उपचार या बिना सलाह के दवाइयां लेने लगते हैं, जिससे स्थिति बिगड़ जाती है। डॉ. शाह ने कहा कि साफ.-सफाई और खानपान में सावधानी ही मौसमी बीमारियों से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। भोजन करने से पहले हाथ धोने, साफ पानी पीने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की आदत अपनानी चाहिए।

पुलिस वैरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू जल्द मिलेंगे 198 नए आरक्षक

पहले दिन 35 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। चयनित आरक्षको का पुलिस वैरिफिकेशन आज सोमवार से पुलिस अधीक्षक दफ्तर में एसडीओपी चितरंगी राहुल कुमार सैयाम, कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार एवं सुबेदार आशीष तिवारी के मौजूदगी में शुरू हुआ।

जानकारी के अनुसार जिले के लिए 198 आरक्षक जल्द ही मिलने वाले हैं। चयनित आरक्षको का आज से पुलिस वैरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। बताया जाता है कि 198 आरक्षको में पुरूष 130 व महिला 68 शामिल हैं। आज प्रथम दिन 35 आरक्षको का दस्तावेजो का सत्यापन किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक दिन 35-35 की संख्या में नव आरक्षको के रिकॉर्डो का सत्यापन होगा। वहीं कल मंगलवार को 35 आरक्षको का मेडिकल परीक्षण भी किया जाएगा।

एक नजर में

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर भंडारा आयोजित

सिंगरौली। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय बैढ़न परिसर स्थित हनुमान मंदिर बैढ़न न्यायालय परिसर में गत शनिवार को श्रद्धामय भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका, प्रशासन, अधिवक्ता समुदाय तथा आमजन की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा न्यायालय परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। भंडारे से पूर्व हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती सम्पन्न किया गया। पूजा उपरांत हनुमान जी को भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद दोपहर 2 बजे औपचारिक रूप से भंडारे का शुभारंभ किया गया।

विस्थापित दुकानदारों ने सौंपा शिकायती पत्र

शक्तिनगर। स्थानीय राजीव गांधी मार्केट के विस्थापित दुकानदारों ने एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रबंधन के कथित मनमाने रवैये के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में दुकानदारों ने संस्था को शिकायत पत्र सौंपते हुए समस्या के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। बताया गया कि राजीव गांधी मार्केट का आवंटन एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा विस्थापित परिवारों को भूमि के बदले रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। आवंटन के समय दुकानों का मासिक किराया 100 तथा बिजली बिल 100 निर्धारित किया गया था।

राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए शिक्षक सर्वेश द्विवेदी

भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा भोपाल द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में जूनियर रेडक्रॉस सिंगरौली के जिला संगठक सर्वेश कुमार द्विवेदी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

8 मई को रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में म.प्र. के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान भवन, नेहरू नगर में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें युवा सशक्तिकरण, नशामुक्ति अभियान, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, समाज कल्याण, मानव सेवा एवं जनहित के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले की सक्रिय महिला काउंसलर पार्वती सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले जिला संगठकों, काउंसलरों एवं समाजसेवियों को सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर डीईओ एसबी सिंह, गुरू राजेन्द्र धर द्विवेदी, प्रदीप तिवारी, जन शिक्षक प्रदीप चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सर्वेश कुमार द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

4 किमी दूर जाना पड़ता है राशन लेने, सीईओ को ग्रामीणों ने सुनाई अपनी पीड़ा

जनपद पंचायत बैढ़न अंतर्गत ग्राम उतानी पाट का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे ने आज जनपद पंचायत बैढ़न के अंतर्गत स्थित सबसे दूरस्थ ग्राम उतानी पाट का औचक निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने सीएसआर मद से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब निर्माण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में राशन लेने जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस पर सीईओ द्वारा ग्राम में ही राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उचित मूल्य दुकानदार को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने यह भी उचित मूल्य दुकानदार द्वारा राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों को चार किलोमीटर दूर पहाड़ी पार कर ग्राम नादो में अवगत कराया कि ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय समय से नहीं खुलता और शिक्षक भी अनुपस्थित रहते हैं। इस पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए डीपीसी को विद्यालय की जांच के लिए निर्देशित किया।

ग्रामीणों ने कहा नहीं खुलता आंगनबाड़ी केन्द्र

ग्रामीणों ने ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र खोले जाने की भी मांग की। सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक गांव में वाटर टैंक नहीं बन जाता, तब तक टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आरएसएस शताब्दी वर्ष पर बैढ़न में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम की अगली कड़ी में 10 मई को शाम 4 बजे से बैढ़न में प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं तथा मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र ने समाज में राष्ट्रीय चेतना, संगठन की भूमिका एवं भारतीय संस्कृति के महत्व पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। संघ शताब्दी वर्ष पर चलाएं गये पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए तथा हम सभी को संस्कार एवं सेवा भाव के साथ प्रकृति का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. सुरेंद्र के विचारों को गंभीरता से सुना और उनके संदेश को समाज के हित में महत्वपूर्ण बताया। प्रमुख जन गोष्ठी का वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक समरसता के भाव से ओत-प्रोत रहा।

सामाजिक समरसता पर विशेष जोर

नवभारत न्यूज

चितरंगी 11 मई। समाज को बढ़ावा देने के लिए गत दिवस बरहट के नैसवा में सामाजिक समरसता को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन अनिल धर गुजावल ने किया। इस अवसर पर बैठक में आपसी सौहार्द्र, भाईचारा बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता पर भी चर्चाएं हुई। बैठक में शिवप्रसाद प्रजापति, हरिनारायण जायसवाल, रोहणी जायसवाल अधिवक्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

बालिकाओं को बड़े सपने देखने व उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करें : गौरव

एनटीपीसी विंध्याचल में जेम का शुभारंभ, जिला प्रशासन ने की सराहना

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 11 मई। एनटीपीसी विंध्याचल ने 11 मई को उमंग भवन में अपने प्रमुख सामाजिक अभियान बालिका सशक्तिकरण अभियान के सातवें संस्करण का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और समग्र विकास के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल भारत सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अनुरूप संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर गौरव बेनल ने किया। इस अवसर पर एसपी केएम शियाज, आईपीएस सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा , सीआईएसएफ प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहे। अपने संबोधन में एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने कहा कि जेम के माध्यम से वर्षों से बालिकाओं के व्यक्तित्व में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। वहीं कलेक्टर ने भी बालिकाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए विंध्याचल की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू हुआ बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम आज अपनी सफलता के कारण देशभर के 50 से अधिक एनटीपीसी परियोजनाओं में लागू किया जा चुका है।

मां, परिवार एवं समाज की आधारशिला होती है : निशा

दिशिता बाल मंदिर रेनुसागर में धूमधाम से मनाया गया मदर्स-डे

नवभारत न्यूज

अनपरा 11 मई। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह के मार्गदर्शन में दिशिता बाल मंदिर रेनुसागर के तत्वाधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह में मदर्स-डे कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में माताओं के सम्मान एवं उनके त्याग, समर्पण तथा स्नेह को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन, विद्यालय की प्रबंधक निशा पांडेय, दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यालय की अध्यापिकाओं ने आये हुए अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में विद्यालय की प्रबंधक निशा ने कहा कि मां परिवार एवं समाज की आधारशिला होती है। वहीं दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका अतुलनीय है।

मां नारी के अनेक रूपों में एक विशेष रूप है : दीपेन

मां सुखी परिवार की आधारशिला विषय पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा तपोवन काम्प्लेक्स विंध्यनगर में मातृत्व दिवस के अवसर पर मां-सुखी परिवार की आधारशिला पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कथावाचक विजयलक्ष्मी शुक्ला, समाजसेवी अनीता जायसवाल, योगा फाउण्डेशन की रंजीता बहन, अपर्णा सिंह, कंचन सिंह, गायत्री सिंह सहित अन्य मौजूद रही। संस्थान की ओर ब्रह्माकुमारी आश्रम तपोवन काम्प्लेक्स प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव हम सभी आत्माओं के रचयिता अर्थात असली मॉ हैं। राजयोग मेडिटेशन परमात्मा शिव से शक्तियां प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। भोपाल से पधारी ब्रह्माकुमारी जया बहन ने सभी को राजयोग अभ्यास कराया। भोपाल से आये ब्रह्माकुमार दीपेन ने सभा में उपस्थित सभी माताओं को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां नारी के अनेक रूपों में एक विशेष रूप है।

गंभीर बीमार संध्या दुबे के लिए वरदान बनी पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा

सांसद के प्रयास और कलेक्टर की तत्परता से एयरलिफ्ट कर भेजी गई एम्स भोपाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। म.प्र. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में संचालित पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है।

इसी क्रम में आज सिंगरौली जिले की 32 वर्षीय संध्या दुबे को बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सिंगरौलिया हवाई पट्टी से एयरलिफ्ट कराकर एम्स भोपाल भेजा गया। विंध्यनगर निवासी संध्या दुबे पिछले कई दिनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। वाराणसी में उपचार के दौरान प्रसव के बाद नवजात की मृत्यु होने से उन्हें गहरा सदमा लगा था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के चार दिन बाद अचानक सेप्टीसीमिया कि स्थिति उत्पन्न होने के कारण उनकी तबीयत अत्यंत चिंताजनक हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने तत्काल अनुशंसा की, जिस पर कलेक्टर गौरव बैनल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अविलंब पीएम श्री एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। आपातकालीन स्थिति में मरीज को कम से कम समय में उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र पहुँचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा शुरू की गई यह सेवा आज संध्या दुबे के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। सिंगरौलिया हवाई पट्टी पर सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह की निगरानी में मरीज को विमान तक पहुँचाया गया, जहाँ से उन्हें सीधे एम्स भोपाल के लिए रवाना किया गया। सांसद डॉ. राजेश मिश्र और कलेक्टर गौरव बैनल के इन प्रयासों की स्थानीय स्तर पर काफी सराहना हो रही है। प्रशासन का कहना है कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लक्ष्य ही यही है कि धन या दूरी के अभाव में किसी भी नागरिक का उपचार न रुके।